भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1282
06 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

विषयः छत्तीसगढ़ में धान की खेती के अन्तर्गत क्षेत्रफल
1282. श्रीमती फूलो देवी नेतमः
क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) विगत पांच वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ में जिले-वार कितने क्षेत्रफल पर धान की बुवाई की जा रही है;
(ख) छत्तीसगढ़ में धान की बुवाई करने के लिए किसानों को दिए जा रहे प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के कई जिलों में किसानों को धान की बुवाई करने से प्रतिबंधित किया गया है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में धान की खेती के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का जिलावार विवरण **अनुबंध** पर दिया गया है।

(ख): भारत सरकार किसानों के लाभ के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई), न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई)-प्रति बूंद अधिक फसल, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई), परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई), कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन (एसएमएएम), केंद्रीय क्षेत्र फसल अवशेष प्रबंधन योजना आदि जैसी विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से उचित नीतिगत उपायों और बजटीय सहायता के माध्यम से राज्यों के प्रयासों को सहयोग देती है।

(ग): छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसी भी किसान को धान की बुवाई करने से नहीं रोका गया है।

अनुबंध

छत्तीसगढ़ में धान की खेती के अंतर्गत क्षेत्रफल के संबंध में दिनांक 06/12/2024 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1282 के भाग (क) के संबंध में विवरण।

छत्तीसगढ़ राज्य में जिला-वार धान की बवाई का क्षेत्रफल					(क्षेत्रफल हेक्टेयर में)	
क्रमांक	**ज़िला**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**
1.	बालोद	185448	201908	208479	194131	193620
2.	बलौदा बाजार	232934	235090	238962	243319	203077
3.	बलरामपुर	86628	88605	91449	95488	88977
4.	बस्तर	131543	129171	128069	127858	127553
5.	बेमेतरा	180701	186446	207588	211353	215159
6.	बीजापुर	63255	67485	73837	78801	83166
7.	बिलासपुर	225344	181167	185962	185740	182696
8.	दंतेवाड़ा	70867	71002	71518	71200	70549
9.	धमतरी	178763	188678	195589	183228	183208
10.	दुर्ग	137558	139109	145496	142153	139432
11.	गरियाबंद	146599	141095	145800	145319	144374
12.	गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	-	59718	60901	59047	60920
13.	जांजगीर-चंपा	261169	262439	282383	283850	155463
14.	जशपुर	184319	184271	185802	186144	170756
15.	कबीरधाम	114013	132955	132777	133626	133437
16.	कांकेर	189122	195941	181961	182160	187210
17.	खैरगढ़ छुईखदान गंडई	-	-	-	-	86164
18.	कोंडागांव	106490	108703	109870	111686	113779
19.	कोरबा	109307	107701	113617	113411	114823
20.	कोरिया	68571	72599	73990	75972	41495
21.	महासमुंद	294928	290632	283655	289110	294357
22.	मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर	-	-	-	-	34551
23.	मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी	-	-	-	-	82369
24.	मुंगेली	119885	124037	127686	129501	130074
25.	नारायणपुर	24591	24748	21390	21854	22488
26.	रायगढ़	240884	244702	239613	238712	164249
27.	रायपुर	167839	172813	171725	172678	173459
28.	राजनंदगांव	310786	340270	346977	352622	185611
29.	सक्ती	-	-	-	-	124017
30.	सारंगढ़ बिलाईगढ़	-	-	-	-	106006
31.	सुकमा	82205	86395	86729	88672	89813
32.	सूरजपुर	111561	113276	113474	115008	117241
33.	सरगुजा	116068	115066	113959	115588	115110
	कुल	**4141378**	**4266022**	**4339258**	**4348231**	**4335203**

स्रोतः एक नजर में भूमि प्रयोग सांख्यिकी, 2022-23, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

******